भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 435

उत्तर देने की तारीख 02.02.2026

एमजीएमडी योजना

435. श्री थरानिवेंथन एम. एस. :
श्री दिलेश्वर कामैत :
श्री अमर शरदराव काले :
श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे :
श्री ज्ञानेश्वर पाटील :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में अब तक मेरा गांव मेरी धरोहर (एमजीएमडी) योजना के अंतर्गत चिह्नित किए गए और प्रलेखित किए गए गांवों की संख्या का विशेष रूप से तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्रपति संभाजी नगर जिले सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में मेरा गांव मेरी धरोहर योजना के वेब पोर्टल पर अब तक राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विशेषकर उक्त राज्यों और जिलों में कितने गांवों के आंकड़े अपलोड किए गए हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस योजना में मंदिर वास्तुकला, लोक कलाओं, सिद्ध चिकित्सा और शास्त्रीय परंपराओं सहित तमिलनाडु की विशिष्ट भाषाई, सांस्कृतिक और विरासत पद्धतियों को ध्यान में रखा गया है;

(घ) क्या मेरा गांव मेरी धरोहर (एमजीएमडी) योजना के अंतर्गत शामिल किए जाने के लिए तमिलनाडु राज्य सरकार अथवा स्थानीय निकायों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और उन प्रस्तावों की स्थिति क्या है;

(ङ) यह सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं कि ग्रामीण पहचान को सुदृढ करने के लिए प्रलेखन और परिरक्षण प्रक्रिया में स्थानीय समुदायों को शामिल किया जाए और क्या उन्हें देश में विशेषकर तमिलनाडु, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में इस पहल से कोई आर्थिक या कौशल विकास का लाभ प्राप्त होता है;

(च) क्या सरकार की पर्यटन, डिजिटल प्लेटफार्मों और शैक्षिक पहलों के माध्यम से इन विरासत गांवों को बढ़ावा देने की योजना है और यदि हां, तो ऐसी योजनाओं में तमिलनाडु के कितने गांवों को शामिल किया जा रहा है; और

(छ) उक्त पहलों के अंतर्गत प्रलेखित किए जा रहे सांस्कृतिक तत्वों और विरासत घटकों की प्रकृति का महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): मेरा गांव मेरी धरोहर (एमजीएमडी) कार्यक्रम के अंतर्गत देश भर में सांस्कृतिक मानचित्रण के लिए **6.38 लाख गांवों** की पहचान की गई है। सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को शामिल करते हुए, इनमें से, **6.23 लाख गांवों** से संबंधित डेटा को प्रलेखित करके एमजीएमडी पोर्टल (https://mgmd.gov.in) पर अपलोड किया गया है।

कवर किए गए गांवों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर जिले (पूर्व में औरंगाबाद) में 1132 गांवों को मानचित्रित किया गया है।

(ग): एमजीएमडी कार्यक्रम में अनेक प्रकार के ग्राम स्तरीय सांस्कृतिक विशेषताओं को प्रलेखित किया गया है जिनमें भाषाई, सांस्कृतिक और विरासत पद्धतियां शामिल हैं। इसमें अन्य बातों के साथ-साथ, तमिलनाडु सहित पूरे भारत के गांवों की पारंपरिक वास्तुकला, लोक कला रूप और अन्य परंपराएं भी शामिल हैं।

(घ): जी, नहीं।

(ड.): प्रलेखन में सामुदायिक सहभागिता को क्राउडसोर्सिंग प्रणाली के माध्यम से सुगम बनाया जाता है। एमजीएमडी पोर्टल पर 'कंट्रीब्यूट' फीचर स्थानीय निवासियों को उनके गांवों से संबंधित सांस्कृतिक सूचना को प्रस्तुत और प्रमाणित करने में सक्षम बनाता है जिससे तमिलनाडु, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित राज्यों में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा मिलता है।

एमजीएमडी की परिकल्पना एक डिजिटल प्रलेखन के रूप में की गई है और इस कार्यक्रम में आर्थिक लाभ या कौशल विकास से संबंधित कोई विशिष्ट प्रावधान शामिल नहीं किए गए हैं।

(च): एमजीएमडी पोर्टल ग्राम स्तरीय सांस्कृतिक डेटा के डिजिटल संग्रह के रूप में कार्य करता है। तथापि, एमजीएमडी कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यटन या शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से धरोहर गांवों को बढ़ावा देने के लिए अब तक कोई विशिष्ट पहल नहीं की गई है।

(छ): एमजीएमडी कार्यक्रम व्यापक प्रकार के मूर्त और अमूर्त सांस्कृतिक घटकों को प्रलेखित करता है जिनमें वाचिक परंपराएं, आस्थाएं, रीति-रिवाज, ऐतिहासिक संबद्धताएं, कला रूप, स्थानीय भाषाएं, धरोहर स्थल, पारंपरिक खान-पान प्रचलन, प्रसिद्ध कलाकार, मेले और महोत्सव, पारंपरिक पोषाकें, आभूषण और स्थानीय प्रसिद्ध स्थल शामिल हैं। यह प्रलेखन रूपरेखा महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में समान रूप से लागू होती है।

*****

अनुलग्नक-I

'एमजीएमडी योजना' के संबंध में दिनांक 2 फरवरी, 2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 435 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

एमजीएमडी पर अपलोड किए गए गांवों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार वितरण

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	अपलोड किए गए गांवों की संख्या
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	176
आंध्र प्रदेश	17142
अरुणाचल प्रदेश	4613
असम	26074
बिहार	39563
चंडीगढ़	12
छत्तीसगढ	19571
दिल्ली	252
गोवा	431
गुजरात	19271
हरियाणा	7579
हिमाचल प्रदेश	18735
जम्मू और कश्मीर	6926
झारखंड	29908
कर्नाटक	29569
केरल	1275
लद्दाख	238
लक्षद्वीप द्वीप समूह	13
मध्य प्रदेश	56429
महाराष्ट्र	40042
मणिपुर	306
मेघालय	7012
मिजोरम	1026
नागालैंड	1498
ओडिशा	47209
पुदुचेरी	127
पंजाब	12084
राजस्थान	46696
सिक्किम	464
तमिलनाडु	19219
तेलंगाना	9824
दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	107
त्रिपुरा	899
उत्तर प्रदेश	103003
उत्तराखंड	15727
पश्चिम बंगाल	40429

****